जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 08.05.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08.05.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी के साथ मुख्य विकास अधिकारी, महोदया, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई. से डी.टी.एल. उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रगति विवरण पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें यह पाया गया कि जनपद में कुल 131 योजनाएं ऐसी हैं जिनके ओवरहेड टैंक की प्रगति 75 से 99 प्रतिशत के बीच है। विगत माह की बैठकों में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया था कि अधिक से अधिक योजनाओं के ओवर हेड टैंक का कार्य करते हुए 91 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में ले जाया जाए जिसके अनुक्रम में विगत माह में 04 OHT जोड़कर अभी तक मात्र 12 योजनाएं ही 91 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में ले जायी गयी है जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अवशेष 131 योजनाओं को 91 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में शीघ्र ही ले जाना सुनिश्चित करें।

   (कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

2. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आई.जी.आर.एस. का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया कि माह अप्रैल 2026 में जनपद में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जल निगम (ग्रामीण) से संबंधित कुल 1695 शिकायतें दर्ज पाई गई जिसमें से 793 जलापूर्ति, 428 पेयजल गृह संयोजन तथा 222 लीकेज से शिकायतें सम्बन्धित प्राप्त हुयी है जबकि प्रतिमाह समीक्षा बैठक में यह निर्देशित किया जाता रहा है कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर शिकायतों की संख्या न्यूनतम होनी चाहिए परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जन–शिकायतों के प्रति कोई रुचि नहीं ली जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए माह मार्च 2026 की समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के ऊपर लगाए जाने वाले 0.5 प्रतिशत Defect Liability (डिफेक्ट लायबिलिटी) की पत्रावली अविलंब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। मई में शिकायतों की संख्या न्यूनतम करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) हरदोई एवं कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर तैनात पम्प ऑपरेटर, साइट इंजीनियर एवं जूनियर इंजीनियर ग्रामवासियों की समस्या को नोट करें तथा समस्या का निस्तारण तत्काल कराएं जिससे शिकायत आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर दर्ज न हो सके।

   (कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम (ग्रामीण) व परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

3. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत आई.जी.आर.एस. विवरण पत्र के अवलोकन से जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि मुख्य विकास अधिकारी को विगत तीन माह

के आई.जी.आर.एस. का सहायक अभियंता तथा अवर अभियंतावार विवरण बनाकर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) हरदोई प्रस्तुत करें। जिन सहायक अभियंताओं के क्षेत्र से अत्यधिक शिकायतें आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर दर्ज पाई गई उनको कारण बताओं नोटिस तथा जिन–जिन अवर अभियंताओं के क्षेत्र से अत्यधिक शिकायतें दर्ज पाई गई उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही– अधि0अभि0, जल निगम (ग्रामीण))

Digitally signed by
Navneet Singh
Date: 16-05-2026
12:55:49

(नवनीत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।

अनुमोदित

Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 19-05-2026
11:34:25

जिलाधिकारी,
हरदोई।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।

पत्रांक 2534 / मा-70 / 808 दिनांक: 19/5/26

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. समस्त सहायक अभियन्ता को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

अधिशासी अभियन्ता
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।